विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स


।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

रविवार, 08 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 325, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

# आज से दो दिन रायगढ़ में रहेंगे सीएम साय : चक्रधर समारोह का करेंगे शुभारंभ



**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज से दो दिनों के लिए रायगढ़ दौरे पर रहेंगे। रायगढ़ के रामलीला मैदान में आयोजित 39वें चक्रधर समारोह-2024 का शनिवार शाम 5.30 बजे शुभारंभ करेंगे। इस समारोह में अगले 10 दिनों तक कला और संस्कृति की नगरी रायगढ़ सांस्कृतिक रस में सराबोर रहेगी। इस आयोजन में स्थानीय कलाकारों से लेकर राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के



कलाकारों के कुल 62 इवेंट आयोजित हैं। देश के ख्यातिनाम कलाकार कार्यक्रम देने रायगढ़ पहुंचेंगे। हर साल इस आयोजन के लिए रायगढ़ में बड़ी तैयारियां की जाती हैं, जहां देश भर के कलाकार अपनी प्रस्तुति देने आते हैं।

**हेमा मालिनी देंगी प्रस्तुति**

पहले दिन बॉलीवुड की अभिनेत्री और शास्त्रीय नृत्यांगना पद्मश्री हेमा मालिनी प्रसिद्ध राधा रास बिहारी का मंचन करेंगी। रायगढ़ कथक घराने के वरिष्ठ कलाकार और इस वर्ष पद्मश्री से नवाजे गए रामलाल को कथक घुंघरू सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। भूपेंद्र बरेठ और साथी कलाकारों कथक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके दर्शकों को छत्तीसगढ़ की माटी के लोक विधा करमा नृत्य का आनंद लेने का अवसर मिलेगा। जशपुर के मनियर भगत और साथी के करमा नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।



**चक्रधर समारोह के लिए मंच और पंडाल तैयार**

चक्रधर समारोह के लिए मंच और पंडाल तैयार है। यहां करीब 29 हजार स्क्वायर फीट की बैठक व्यवस्था बनाई गई है। मुख्य डोम पहले की तुलना में बड़ा बनाया गया है।

**इसलिए मनाया जाता है चक्रधर समारोह**

चक्रधर समारोह का अपना ऐतिहासिक महत्व भी है। आजादी के पहले रायगढ़ एक स्वतंत्र रियासत थी, जहां सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का फैलाव बड़े पैमाने पर था। प्रसिद्ध संगीतज्ञ कुमार गंधर्व और हिंदी के पहले छायावादी कवि मधुकर पांडेय रायगढ़ से ही थे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रयासों से जब रियासतों के भारत में विलीनीकरण की प्रक्रिया शुरू हुई तो रायगढ़ के राजा चक्रधर विलीनीकरण के सहमतिपत्र पर हस्ताक्षर करने वाले पहले राजा थे।

**कुशल तबला वादक थे राजा चक्रधर**

राजा चक्रधर एक कुशल तबला वादक एवं संगीत व नृत्य में भी निपुण थे। उनके प्रयासों और प्रोत्साहन के फलस्वरूप ही यहां संगीत और नृत्य की नई शैली विकसित हुई। स्वतंत्रता पूर्व से ही गणेशोत्सव के समय यहां सांस्कृतिक आयोजन की एक समृद्ध परंपरा विकसित हुई, जिसने धीरे-धीरे एक बड़े आयोजन का रूप ले लिया।

यह आयोजन इतना वृहद था कि राजा चक्रधर जी के देहावसान के बाद उनकी याद में च्चक्रधर समारोहज्ज् के नाम से यहां के संस्कृतिकर्मियों और कलासाधकों ने वर्ष 1985 से दस दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव की शुरुआत की जिसके माध्यम से देश के सांस्कृतिक मानचित्र में छत्तीसगढ़ को स्थापित करने में बड़ी मदद मिली।

## विष्णुदेव साय अच्छा काम कर रहे हैं - स्वप्न सुंदरी हेमामालिनी



स्वप्न सुंदरी पद्मश्री हेमा मालिनी चक्रधर समारोह में प्रस्तुति देने रायगढ़ पहुंची है. अपने प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी डबल इंजन की सरकार है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विष्णुदेव साय अच्छे कार्य कर रहे हैं. इसे भी पढ़ें : कमीशनखोर प्राचार्य और प्रधानपाठक पर क्यों मेहरबान है शिक्षा विभाग ?, जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई स्वप्न सुंदरी हेमामालिनी ने जिंदल गेस्ट हाउस में वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ पत्रकारों से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्रीय योजनाओं के साथ-साथ उनके द्वारा प्रदेश के लिए किए गए वायदों के अनुरूप छत्तीसगढ़ में काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान वह कई बार रायगढ़ और छत्तीसगढ़ दौरा कर चुकी है. चक्रधर समारोह में दूसरी बार प्रस्तुति देने के संबंध में हेमामालिनी ने कहा कि फिल्मी पर्दे में काम करने वाले आम जनता से जुड़ नहीं सकते, मैं तो स्टेज शो भी करती हूं इसलिए आम जनता से जुड़ाव ज्यादा है. अगर अच्छा रोल मिले तो अभी भी फिल्म में काम करने को तैयार हूं.

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज करेंगे अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर 'उल्लास साक्षरता अभियान' का शुभारंभ

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित होगा राज्य स्तरीय उल्लास मेला, देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का हुआ भव्य आयोजन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्रदेश में राज्य स्तरीय उल्लास मेले में उल्लास साक्षरता अभियान का शुभारंभ करेंगे। राज्य स्तरीय उल्लास मेले का आयोजन रायपुर के पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 8 सितम्बर को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री श्री केदार कश्यप करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सर्व श्री पुंरदर मिश्रा, अनुज शर्मा, इंद्र कुमार साहू, राजेश मुणत, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब और महापौर श्री एजाज ढेबर सहित जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 1 से 8 सितम्बर 2024 तक पूरे देश में साक्षरता सप्ताह का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान सभी जिलों, ब्लॉकों, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ-साथ शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा और साक्षरता पर केन्द्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। साक्षरता सप्ताह का समापन 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में होगा। इस दौरान बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, और सतत् शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। इस कार्यक्रम के तहत 1 सितम्बर को उल्लास रथ की रवानगी और शैक्षणिक संस्थाओं में सेमिनार व सम्मेलन का आयोजन हुआ। 2 सितम्बर को समस्त शैक्षणिक संस्थानों में सबके लिए शिक्षा पर केन्द्रित गीत, नृत्य, पेंटिंग, और रंगोली प्रतियोगिताएं हुईं। 3 सितम्बर को पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों



में उल्लास कार्यक्रम पर चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 4 सितम्बर को महिला साक्षरता पर कार्यक्रम और व्यावसायिक कौशल पर आधारित प्रदर्शनियाँ, 5 सितम्बर को नवभारत साक्षरता पर केन्द्रित भाषण और निबंध प्रतियोगिताएं हुईं। 6 सितम्बर को नवाचारी गतिविधियों और सतत शिक्षा पर केन्द्रित कार्यक्रम आयोजित किए गए। 7 सितम्बर को साक्षरता रैली का आयोजन किया गया। आखिरी दिन, 8 सितम्बर को राज्य स्तरीय उल्लास मेला और अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का भव्य आयोजन होगा।

# आज भारी बारिश की चेतावनी, 7 जिलों में यलो अलर्ट जारी

**धीरज तिवारी**

**रायपुर.** छत्तीसगढ़ में आगामी 3 दिनों तक मानसून सक्रीय रहने की संभावना है. मौसम विभाग ने आज प्रदेश के बस्तर संभाग के अधिकांश जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है. इसके साध ही रायपुर और दुर्ग जिलों के कुछ स्थानों पर भी मध्यम से भारी बारिश हो सकती है. वहीं प्रदेश के अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पूर्व उत्तर प्रदेश से उत्तर छत्तीसगढ़ और उत्तरी ओडिशा के मध्य से सटे बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है. इसके प्रभाव से शनिवार को प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने और एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है. मौसम विभाग ने आज शनिवार को सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बस्तर, और गरियाबंद में भारी बारिश की संभावना जताई है. इसके अलावा रायपुर, दुर्ग और धमतरी जिलों में भी हल्की बारिश हो सकती है.राजधानी रायपुर में आज सुबह से ही मौसम साफहै, हालांकि मौसम विभाग ने राजधानी में भी हल्की बारिश की संभावना



जताई है. रायपुर में दिन का तापमान आज 33 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है. वहीं अगले दिन रविवार को मानसून सिस्टम के मध्य छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ने से बस्तर संभाग के बस्तर, कोण्डागांव, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा जिलों समेत रायपुर संभाग के गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद में भी मध्यम से भारी बारिश की संभावना है. इसके अलावा रायपुर जिले में भी हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं. इसके साथ ही मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों में प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की भी संभावना जताई है. शुक्रवार को 6 स्थानों पौड़ी-उपरोड़ा, लाभांडीह, हसौद, जांजगीर, बरमकेला एवं नया बाराद्वार में 7 से 8 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि अनेक स्थानों पर 1 से लेकर 6 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई.

## छिंदारी बांध में दो युवक हुये अवैध वसूली का शिकार

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** छुईखदान ब्लॉक के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल



छिंदारी बांध घूमने गये दो युवकों को धमकाकर 6 हजार रूपये की वसूली सहित मोबाईल लूट का मामला सामने आया है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर छुईखदान पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार गुरूवार 5 सिंतबर तकरीबन 12 बजे योगेश्वर वर्मा अपने दोस्त के साथ छिंदारी बांध घूमने गया था। इसी दौरान पहले से ही मौजूद श्रवण साहू, अमन उर्फ ओमकार व मनीष साहू के द्वारा दोनों युवकों को जान से मारकर गाड़ देंगे, हाथ पैर तोड़ देंगे कहकर जान से मारने की धमकी देते हुये योगेश्वर से नगदी रकम 2000 रूपये व उसके दोस्त हिरेश से फोन पे के माध्यम से 4000 रूपये छीन लिये वहीं योगेश्वर का मोबाईल फोन भी लूट लिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया और एसपी त्रिलोक बंसल, एएसपी नेहा पाण्डे व एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना छुईखदान प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर गेन्दले के द्वारा धारा 308(2)(5), 3(5) बीएनएस 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी श्रवण साहू पिता बीरसिंग साहू उम्र 26 साल, अमन उर्फ ओमकार पिता प्रदीप चंदेल उम्र 20 साल व मनीष पिता बिसेलाल साहू उम्र 24 साल सभी निवासी कानीमेरा थाना छुईखदान को हिरासत लिया गया।

# परदेस में नाम कमा कर लौटे पहलवानों का पार्षद शरद सिन्हा ने किया स्वागत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रानी सूर्य देवी मुखी वार्ड क्रमांक 26 के पार्षद व भाजपा के युवा नेता शरद सिन्हा ने संस्कारधानी राजनंदगांव में मेडल जीतकर लौटेने के खुशी में पहलवान नाहिद अख्तर, गुलरेज गुल खान व जय पटेल का पुष्प गुच्छ भेंटकर और हार माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने तीनों खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की बधाई व शुभकामनाएं दी है। श्री सिन्हा ने बताया कि राजनांदगांव जिले से 3 लोगों ने पॉवर लिफ्टिंग और वेटलिफ्टिंग में हिस्सा लियाथा। जिसमे अपने बॉडी वेट कैटेगरी के अनुसार 83 केजी पॉवर लिफ्टिंग एवं 81 केजी वेट लिफ्टिंग में 2



गोल्ड मेडल भारत जिम के संचालक नाहिद अख्तर ने जीता। वहीं 105 केजी वेट कैटेगरी पॉवर लिफ्टिंग में फन फिट फिटनेस जिम के मेंबर गुलरेज गुल खान ने गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा 93 केजी वेट कैटेगरी पॉवर लिफ्टिंग फन फिट फिटनेस जिम के संचालक जय पटेल ने गोल्ड मेडल जीता है। इन खिलाड़ियों ने अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाया और संस्कारधानी राजनंदगांव का नाम रोशन किया है।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ भेड़ीकला में 18 शिक्षकों का हुआ सम्मान

**राजनांदगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** गायत्री प्रज्ञा पीठ भेड़ीकला में भारतीय संस्कृति एवं परंपरा अनुरूप मुख्य अतिथि जिला समन्वयक राजनांदगाव जयप्रकाश सिंहा व केसीजी जिला समन्वयक प्रभात कुमार साहू के हाथों शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर 18 शिक्षकों का तिलक लगाकार, गायत्री मंत्र पट्टिका व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया । सम्मानित होने वालों में से .नि .प्राचार्य डी. आर . साहू, से .नि .व्याख्याता हीरा दास साहू, रूप राम साहू,से.नि. प्र. प्रा. सोनू राम साहू, से . नि .प्र .पा. गोपाल राम साहू, प्र.पा.भेष कुमार साहू, प्र.पा .माखनलाल देवांगन, प्र . पा .रामकिसुन देवांगन, से .नि.शिक्षक शोभा राम देवांगन, प्र . पा. परदेशी राम साहू, प्र. पा.मुकेश देवांगन, प्र .पा .जितेंद्र कुमार साहू, शिक्षक शीला सोनी, भोज कुमार गंजीर,जय प्रकाश सिन्हा,ढाल सिंह साहू, गौकरण वासु, महेन्द्र देवांगन आदि शामिल है। इस अवसर पर सालिक राम साहू, भरत देवांगन,, भुराज देवांगन,प्रेमलाल साहू,डा. देवेंद्र साहू,कन्हैया दास, मंगल दास, गुंजन ,पार्वती ,प्रज्ञा ,राजेश ,सेजल, दिनेश देवांगन, ताराचंद वर्मा , सूर्य प्रकाश साहू आदि उपस्थित थे।



# गिरदावरी अंतर्गत डिजिटल रूप से फसल का सर्वे करने वाले निजी सर्वेयर का प्रशिक्षण आयोजित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में गिरदावरी अंतर्गत डिजिटल रूप से फसल का सर्वे करने वाले निजी सर्वेयर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे में निजी सर्वेयर की भूमिका जियो फ्रेंस के रूप में होगी, जो डिजिटल रूप से फसल का सर्वे सभी खेतों में जाकर करेंगे। निजी सर्वेयर को प्रतिदिन 30 से 50 खसरों का टास्क दिया जायेगा। जिसे सर्वेयर खेत में जाकर लॉगिन करेंगे। उनसे तहसीलदार पूछेंगे क्या आप अवलेबल हैं और हां में जवाब आएगा। वैसे ही एप में प्लॉट की स्थितिए खसरा नंबरए एरिया ऑनर का नाम अपने आप फीड हो जायेगा। जो क्रॉप लगी है उसका तीन फोटो लॉन्गिट्यूट लैटिट्यूट के साथ तीन फोटो अपलोड करना है। इस प्रकार एक नंबर का कार्य पूर्ण होगा। जिसमें पटवारी की भूमिका पर्यवेक्षक और राजस्व निरीक्षक की भूमिका सत्यापनकर्ता तथा तहसीलदार व नायब तहसीलदार की भूमिका जांचकर्ता अधिकारी के रूप में की गई है। सर्वेक्षकों द्वारा संपादित सभी खसरे आरआई के पास नहीं आयेगा। सर्वेक्षकों द्वारा सर्वे किये गए खसरे पटवारी के पास आएंगे। पटवारी या अनुमोदन करेगा या रिसेंड करेगा। पटवारी द्वारा दो बार रिजेक्ट होने की स्थिति में आरआई के आईडी में आयेगा। ऐसे खसरों की संख्या बहुत कम होगी, जहां मौके में जाकर आवश्यकतानुसार सत्यापन किया जाएगा।




प्रशिक्षण में बताया गया कि फिल्ड में क्या बोया गया है फसल की जिंस का नाम, मिश्रित फसल की स्थिति में सभी फसलों का अनुमानित रकबा, सिंचित-असिंचित फसल, एकवर्षीय या बहुवर्षीय, सीजनल फसल की जानकारी आदि भरी जायेगी। सर्वेयर द्वारा साफ्टवेयर में बोये गये जिंस व एकल व मिश्रित फसल की स्थिति में बोये गये फसल या पड़त रकबा की अनुमानित प्रविष्टि करेगा। यदि साफ्टवेयर में जियोरिफ्रेंस्ड रकबा के अनुसार सर्वे किए गए रकबा का योग एक समान नहीं आयेगा। तब तक डेटा सेव नहीं होगा। सर्वेयर किसी भी खसरा नंबर की भूमि के मेड़ में खड़े होकर फोटो कैप्चर नहीं करेगा। यदि ऐसा वे करते हैं तो आसपास के खसरा नंबर के लैटलांग मिस्डमैच होगा। इसलिए सर्वेयर प्रत्येक खसरा नंबर की भूमि के अंदर कम से कम मेड़ से 10 मीटर की दूरी पर जाकर प्रयोग संपादित करेगा। यदि पिक्चर में सोयाबीन फसल दिख रहा पर सर्वेक्षक ने धान प्रविष्ट किया हो अथवा प्लाट खाली है और फोटो गन्ना का अपलोड किया है, तो वही डेटा को पटवारी रिसेंड करेगा। सर्वेक्षक सुधार कर फिर से पटवारी को भेजेगा। यदि पटवारी पुनः रिजेक्ट करता है तब आरआई के आईडी में आयेगा। पटवारी द्वारा परंपरागत ढंग से की जाने वाली गिरदावरी से यह फिलहाल अलग है। धान खरीदी पटवारी द्वारा की गई गिरदावरी के आधार पर की जाएगी। डिजिटल क्राप सर्वे उन्हीं ग्रामों में की जायेगी, जहां जियोरिफ्रेंसिंग का सेकेंड लेवल कार्य का संपादन हो गया है। सभी ग्रामों के खसरा नंबरों में नहीं की जाएगी। यह शासन की बहुआयामी योजना है। सकारात्मक ढंग से इस कार्य का संपादन करना है। साफ्टवेयर बहुत ही आसान बनाया गया है। किसी भी वर्जन के एंड्रॉयड मोबाईल में प्रयोग किया जा सकता है, जिसमें ये सपोर्ट करें। इसके लिए जिले में पटवारी, आरआई को 3 सितम्बर 2024 को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह कार्य 9 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024 तक संपन्न करना है।

## गायत्री विद्यापीठ में विराजे भगवान गणेश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गायत्री विद्यापीठ में भगवान गणेशजी की स्थापना हर्षोल्लास पूर्ण की गई।



जिसमें कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने पूर्ण श्रद्धाभक्ति के साथ भगवान गणेश जी की पूजा अराधना कर प्रसन्नता व्यक्त की। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर के मार्गदर्शन में आज प्रथम दिवस स्थापना, पूजन संपन्न हुआ। जिसमें उन्होंने सभी को भगवान गणेश की महिमा के बारे में विस्तार से बताकर भगवान गणेश के गुणों को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हुए सभी के लिए सुख सौभाग्य एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं पूजा में शामिल होकर सभी को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी व्याख्याता आशीष सोनवानी एवं याददास साहू द्वारा किया गया।

## भाई-बहिनी के हाथों दो पौधें लगायें

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** अविभाजित जिले के गांव-गांव फलदार आम के पौधे लगायें जा रहें है इस दौरान जन सहयोग से



आयोजित अभियान में भाई अपने बहिनी कोदो पौधें देकर उनके हाथों से लगायें गयें यह पल भाई और बहिनी के लिए अनोखा क्षण रहा । भाई बहिनी भाऊक हो गयें भाई तो तीज पर साड़ी देते आ रहे है इस बार बहिनी के नाम से दो आम के पेड़ लगाकर जीवंत तक उसे बचाने का संकल्प लेते देख बहिनी के लिए तीजा पर्व और भी महत्वपूर्ण हो गया जिले में हरियाली बहिनी के तहत पेड़ लगाबोन - पैसा कमाबोन अभियान तीज पर्व में नया मोड़ लिया क्योंकि बहिनी द्वारा लगायें गये पौधों को भाई पेड़ बना कर 4-5 वर्षो में तीज के खर्चे इस पेड़ के आमदनी से हो जायेगी यह एक बहिनी के लिए बहुत दुख पल होगी । हरियाली बहिनी अभियान के संयोजक शिव कुमार देवांगन ने बताया कि तीज के पावन पर्व पर दो पेड़ बहिनी के नाम का कई उद्देश्य है । इस अभियान से भाई-बहिनी जुड़ रहे है । क्योंकि भाई चाहता है कि मै अपने बहन को तीज पर साडियों के अलावा कुछ और दूं क्योंकि इस बार अनोखा गिफ्ट आम उनके हाथों से लगाकर काफी खुश है, वहीं बहिनी भाई के गिफ्ट को पाकर गदगद हुए क्योंकि वे जब भी मायके आईंगी उस पेड़ को देखकर भाई और बहिनी के प्रति प्रेम और भी घनिष्ठ होगा । वहीं बहिनी तीजा में भाई के यहां दो आम के पेड़ लेकर जा रही है जहां पर भाई गड्ढा खोदके रखें है उसे वह लगायेंगे ।6 एवं 7 सितम्बर 2024 तक 4000 के लगभग आम के पौधें लगाने हरियाली बहिनी ससुराल एवं मायके में प्रेरित कर रहे है।

## दिग्विजय महाविद्यालय में सोल 3.0 साफ्टवेयर इंसटालेशन एवं अपडेशन कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार



महाविद्यालय के ग्रंथालय में , आई. क्यू.ए. सी. के सयुक्त तत्वाधान में ग्रन्थालय के लिए सोल 3.0 साफ्टवेयर इंसटालेशन एवं अपडेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसने मुख्य वक्ता शासकीय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगांव के ग्रंथपाल श्री गौतम नेताम एवं टेक्निकल अमरीश भार्गव उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने बताया कि- विश्वविद्यालय पुस्तकालयों के लिए सॉफ्टवेयर ैव्स् एक अत्याधुनिक एकीकृत पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर है, जिसे कॉलेज और विश्वविद्यालय पुस्तकालयों की आवश्यकताओं के आधार पर प्छथ्स्प्ठछम्ज् केंद्र द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। डॉ अनिता साहा ने बताया कि -सॉफ्टवेयर निर्देशों , डेटा या प्रोग्राम का समूह है जिसका उपयोग कंप्यूटर को चलाने के लिए किया जाता है और यह कंप्यूटर को विशिष्ट कार्य करने में सक्षम बनाता है। गौतम नेताम मुख्य वक्ता ने सोल 3.0 साफ्टवेयर इंसटालेशन एवं अपडेशन के बारे में विस्तार से बताया। टेक्निकल अमरीश ने ैव्स् 3.0 के विस्तृत जानकारी बताई । प्रोग्राम का संचालन श्री परसराम ग्रंथपाल शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय ने किया।

**शुभांक**

**1-2-8**

**126-9 238-3**

## निधन

**देवनारायण तिवारी**



**राजनांदगांव।** श्री संतोष तिवारी पिता श्री देवनारायण तिवारी 58 वर्ष निवासी लालबाग, राजनांदगांव शिक्षक, शास.मा.शा. खुटेरी वि.खं. राजनांदगांव का आज दिनांक 07/09/2024 (सात सितम्बर दो हजार चौबीस) को आकस्मिक निधन हो गया वे श्री प्रमोद तिवारी के अनुज एवं श्रीमती कनकलता शर्मा, श्रीमती प्रमीला तिवारी, एवं श्रीमती सरिता चौबे के भाई थे वे अपने पीछे पत्नि श्रीमती ममता तिवारी शिक्षिका के भरा पूरा परिवार छोड़ गये। श्री तिवारी जी मिलनसार, धर्मनिष्ठ एवं एक आदर्श शिक्षक थे। उसके निधन से पूरा परिवार दुखी एवं द्रवित है। भगवान से प्रार्थना है कि, उसके आत्मा को चिरशांति प्रदान करे एवं अपने श्री चरणों में स्थान दे। आज राजनांदगांव लखोली मुक्ति धाम में उसका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें मुहल्लेवासी, शिक्षकगण, विश्व जागृति मिशन परिवार एवं श्री गणेश मंदिर परिवार समस्त मित्रगण व परिवार के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# गायत्री विद्यापीठ में शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनाया गया शिक्षक दिवस

### विद्यालय प्रबंधन ने शाला के विभिन्न शिक्षकों को किया सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में स्थापित भगवान गणेश जी की महाआरती के साथ डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से शिक्षक दिवस मनाया गया। शाला की प्राचार्य के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक ज्ञानवर्धक व रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन द्वारा सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक दिवस मनाए जाने की सार्थकता पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि आप चाहे जीवन में कितने ही ऊँचाईयों की बूलंदियों को छू ले किन्तु आपके जीवन में आपके माता-पिता और शिक्षक का स्थान सर्वोपरि होना चाहिए। आपके जीवन में जुडें हर एक सगे, संबंधी, मित्र, रिश्तेदार सभी के प्रति सम्मान का भाव आप में होना चाहिए, उनके आशीर्वाद, मार्गदर्शन से आप हमेशा आगे बढ़ेंगे। शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा सभी को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माता और भाग्य विधाता कहा गया। मुझे शिक्षकों पर बड़ा ही गर्व होता है जिन्होंने कठिन परिश्रम से इस विद्यालय और



विद्यालय के नाम को उच्च शिखर पर रखा है। मैं आप सभी विद्यार्थियों से भी यहां की गुरूकूल शिक्षा पद्धति को अपने जीवन में धारण करने का आह्वान करती हूँ, जो आरंभ से ही संस्कारों के साथ-साथ शांति और सौहार्द्र बनाए रखते हुए हर एक उत्सव को मनाने की प्रेरणा भी देता है। साथ ही उन्होंने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से डॉ.राधाकृष्णन जी की सादगी व सरलता पर भी प्रकाश डाला। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही शांति व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से शिक्षकों हेतु एक से बढ़कर एक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें गीत, कविता, नाटक, नृत्य, खेल आदि की शारदार प्रस्तुति ने सभी का दिल जीता। विद्यालय प्रबंधन की ओर से शाला के विभिन्न शिक्षकवृंदों को अनेक क्षेत्रों में सराहनीय योगदान हेतु पुरस्कृत किया गया। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का दल पारम्परिक परिधान में शालीनता पूर्वक प्रस्तुति देकर भारतीय सभ्यता व संस्कृति की अनूठी मिसाल पेश की। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित होकर शुभकामनाएं दी।

## गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल होने के लिए 15 अक्टूबर तक पंजीयन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा प्रदेश के विद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए गीता जयंती के अवसर पर 11 दिसम्बर 2024 को गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। गौ विज्ञान परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी 15 अक्टूबर 2024 तक अपने विद्यालय एवं महाविद्यालय के गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी से संपर्क कर पंजीयन करा सकते है तथा गौ विज्ञान परीक्षा के राजनांदगांव जिला प्रभारी श्री हार्दिक कोटक के मोबाईल नंबर 8770088110 पर संपर्क भी कर सकते हैं।

गौ विज्ञान परीक्षा के राजनांदगांव जिला प्रभारी श्री हार्दिक कोटक ने बताया कि प्रथम स्तर पर गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन गीता जयंती के अवसर पर 11 दिसम्बर 2024 को पूरे प्रदेश के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आयोजित होगा। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के चयनित प्रतिभागियों की द्वितीय चरण की परीक्षा 18 दिसम्बर 2024 से 5 जनवरी 2024 के मध्य जिला केन्द्र में होगी। जिसकी सूचना चयनित प्रतिभागियों को पृथक से दी जाएगी। इसी तरह जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों की राज्य स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा तीन ग्रुप में होगी। ग्रुप ए में कक्षा 6वीं से 8वीं, ग्रुप बी में कक्षा 9वीं से 12वीं एवं ग्रुप सी में महाविद्यालय स्तर के विद्यार्थियों को रखा गया है। परीक्षा में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार सभी श्रेणियों में अलग-अलग दिए जाएंगे तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 51 हजार रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 31 हजार रूपए, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 21 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 5100 रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 3100 रूपए, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 1100 हजार रूपए का पुरस्कार दिया जाएगा। राज्य व जिला स्तर पर विजेता सभी प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार के साथ गौ उत्पाद किट भी प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालय व महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा राजधानी रायपुर में पोला पर्व के अवसर पर गौ विज्ञान परीक्षा के पोस्टर का विमोचन किया गया था। उन्होंने आयोजन समिति को इस अभियान के लिए शुभकामनाएं दी और प्रदेश के नागरिकों से इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा जुड़कर सहयोग करने का आग्रह भी किया। गौ विज्ञान परीक्षा में प्रदेश के लगभग 5 लाख विद्यार्थी सम्मिलित होंगे। विभिन्न श्रेणी में विजेता प्रतिभागियों को को 12 जनवरी 2024 को प्रदेश स्तरीय गौ सेवा संगम कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। गौ विज्ञान परीक्षा के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों में गाय के प्रति प्रेम भाव जागृत करना है। साथ ही वर्तमान पीढ़ी को गाय का धार्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व समझाना है। आज एक बहुत बड़ी पीढ़ी गाय से विमुख होती जा रही है, जिसके कारण कहीं ना कहीं समाज गोपालन से विमुख हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप गाय सड़कों पर है। गायों के सड़कों पर आने से रोज सैकड़ों सड़क दुर्घटनाएं घट रही है। जिसमें गौवंश के साथ नागरिकों भी प्रभावित हो रहे है। गायों का स्थान किसान का घर है न की सड़क। गाय सिर्फ किसान के घर ही सुरक्षित रह सकती है। इस प्रकार गाय के सभी विषयों को लेकर आने वाले 5 महीने व्यापक जन जागरण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में परीक्षा के साथ साथ, स्कूलों में गाय के महत्व की प्रदर्शनी, सेमिनार, व्याख्यान, गौ सेवा संगम सहित विविध आयोजन किए जाएंगे। इस आयोजन के माध्यम से प्रदेश के घर-घर संपर्क कर गौमाता का महत्व समाज को बताया जाएगा।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों का तत्काल हुआ अमल

**कवर्धा।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज सहसपुर लोहारा विकासखंड में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए और ग्रामीण



जनों से भेट मुलाक़ात कर सीधा संवाद किया। ग्राम नवागांव में आयोजित भेट मुलाक़ात के दौरान ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को ग्राम पंचायत नवागांव में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की माँग की।उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामीणों की माँग पर तत्काल संज्ञान में लिया और जनपद सीईओ को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए शिविर आयोजन करने निर्देशित किया। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के निर्देशों का पालन करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा ने ग्राम नवागांव में व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए 08 सितंबर को शिविर आयोजन करने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के दिए गए निर्देशों के परिपालन में श्री कंवल प्रसाद शर्मा सहा.आं.ले.परी. एवं करा. अधिकारी ज.प.स. लोहारा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही तकनीकी सहायक श्री नरेंद्र तोडेरे, ब्लॉक समन्वयक श्री उत्तम कुमार साहू, सचिव श्री मेघराज श्रीवास, और रोज़गार सहायक श्रीमती रोहणी मरकाम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## पदुमतरा स्कूल का प्रेरक नवाचार, जय हिंद से होगी हर दिन की शुरुआत

**राजनांदगांव।** देशभक्ति और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला, पदुमतरा ने एक नई और प्रेरक पहल की शुरुआत की है। अब हर दिन की



शुरुआत छात्रों और शिक्षकों के द्वारा उत्साहपूर्वक जय हिंद के उद्घोष से होगी। इस अनूठी विचारधारा को विद्यालय में प्रस्तुत करने का श्रेय व्याख्याता हेमकांत मिश्रा को जाता है, जिन्होंने इसे सभी के सामने प्रस्तावित किया और इसे सभी ने एकमत से अपनाया। व्याख्याता हेमकांत मिश्रा ने इस नवाचार के महत्व को विस्तार से समझाते हुए कहा, जब हम जय हिंद बोलते हैं, तो केवल दो शब्द नहीं कहते, बल्कि हमारे भीतर एक अद्वितीय ऊर्जा का संचार होता है। ये दो शब्द हमारे मन-मस्तिष्क को राष्ट्र के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भावना से भर देते हैं। विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए जय हिंद का उच्चारण उन्हें अपनी मातृभूमि के प्रति सम्मान और गौरव का एहसास कराता है। इससे उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव आता है और वे जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। श्री मिश्रा का मानना है कि जय हिंद के उद्घोष से विद्यार्थी न केवल राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझेंगे, बल्कि उनके बीच आपसी सद्भाव और सहयोग की भावना भी मजबूत होगी। उन्होंने यह भी कहा, यह पहल केवल शब्दों का आदान-प्रदान नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा माध्यम है जो हमारे छात्रों को देश प्रेम, अनुशासन और जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाता है। यह नवाचार हमारे बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## अजय अध्यक्ष, आदर्श उपाध्यक्ष, लोकेश सचिव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी की रामाधीन मार्ग स्थित नवरत्न मंडल की कार्यकारिणी सर्वसम्मति से घोषित की गई प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 07 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले श्री गणेश पर्व को धूमधाम





से मनाने का निर्णय लिया गया इसके अंतर्गत 11 सितम्बर बुधवार को संध्या 07 बजे श्री गणेश जी की महापूजा का आयोजन किया जावेगा। जिसमें दीप व धुमाल विशेष आकर्षक का केन्द्र होंगे तथा गणेश जी को लड्डू का विशेष भोग भी लगाया जावेगा तथा विर्सजन झांकी च्माँ ज् पर आधारित होगी। झांकी की मूर्तियां दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे तथा झांकी के प्लेटफार्म व आर्च में नवीनता दर्शकों को प्रसन्नचीत व प्रफुल्लित करेंगे। कार्यकारिणी इस प्रकार है - अध्यक्ष श्री अजय खण्डेलवाल, उपाध्यक्ष श्री राजेश अग्रवाल, श्री विजय शर्मा, श्री आदर्श वासनिक, श्री संतोष पुरोहित, श्री अमित खण्डेलवाल, सचिव श्री मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री पराग खण्डेलवाल, सहसचिव श्री अंकेश खण्डेलवाल, श्री दिव्यांश अग्रवाल, श्री रौनक चौहान, श्री शंशाक चौरसिया, श्री अंकित खण्डेलवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी श्री प्रतीक राय, श्री कुशल गुप्ता, श्री आशीष गुप्ता, श्री राम ठक्कर, श्री स्वपनिल कन्नौजे, श्री पुष्पक शर्मा, पुजा प्रभारी श्री यश अग्रवाल, श्री कृष्णा शर्मा, श्री पवन खण्डेलवाल, स्थल सजावट प्रभारी श्री जगन चकोले, व्यवस्था प्रभारी श्री विकास सोनी, श्री जय खण्डेलवाल, श्री सचिन द्विवेदी, श्री अतुल अग्रवाल, श्री आलोक रूंगटा, श्री साहिल रूंगटा, श्री पुरूषोत्तम पटेल, चंदा प्रभारी श्री नीरव खण्डेलवाल, श्री विकास चौरसिया, श्री राहुल टांक, विर्सजन झांकी प्रभारी नीकुंज खण्डेलवाल, कुशल खण्डेलवाल, श्री सन्नी टांक, श्री हर्ष सोनी, श्री अविश सोनी, श्री रविश डागा, श्री ओंकार ठाकुर, श्री अंशुल कांकरिया, श्री आरूष अग्रवाल, श्री सौरभ गोयल, जुलुस प्रभारी श्री अरूण खण्डेलवाल, श्री राजेश खोखरिया, श्री राजेन्द्र महोबिया, श्री अशोक गुप्ता होंगे।

# विश्व फिजियोथेरेपी दिवस आज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के युवा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गीतेश अमरोहित की लिखी किताबें पढ़ते हैं दुनिया भर के डॉक्टरफिजियोथेरेपी कितनी मददगार-डॉ. गीतेश अमरोहित से रविवार 8 सितंबर को खास बातचीत हुई है

नगर के युवा फिजियोथेरेपी चिकित्सक डॉ. गीतेश कुमार अमरोहित ने लंबे समय तक राजधानी रायपुर के मेकाहारा के न्यूरोसर्जरी विभाग में सेवा देने के पश्चात अब पूर्णरूपेण लेखन कार्य कर रहे हैं। उनकी लिखी मेडिकल की दर्जन भर से ज्यादा पुस्तकें देश ही नहीं विदेशों में भी काफी लोकप्रिय हैं। अपने फिजियोथेरेपी के अंतिम वर्ष की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने उसी वर्ष की किताब लिख दी थी। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर उनसे दैनिक भास्कर की खास बातचीत - डॉ. गीतेश अमरोहित का कहना है कि फिजियोथेरेपी एक सैद्धांतिक चिकित्सकीय विज्ञान और जीवनशैली का अनुशासन है। यह उपचार ही नहीं करता बल्कि स्वस्थ कैसे रहें इसका गुर भी सिखाता है। वर्तमान में लाइफस्टाइल से संबंधित बीमारियों से लोग अधिक ग्रस्त हो रहे हैं मसलन कमर दर्द, गरदन दर्द, घुटने का दर्द, हृदय और फेफड़ों से संबंधित बीमारियां। इन सब बीमारियों के बचाव और उपचार में फिजियोथेरेपी कारगर है। डॉ. अमरोहित का कहना है कि मशीनों और एक्सरसाइज के माध्यम से फिजियोथेरेपी की चिकित्सा की जाती है। मरीज, महिला है या पुरूष, बीमारी, हृदय की धडक़न, उम्र, वजन और ऊंचाई को आधार बनाकर थैरेपी दी जाती है। मरीज व बीमारी की स्थिति अनुसार कसरत, कितनी बार, कैसे, कितनी देर करनी है यह तय किया जाता है। अस्थि रोग, न्यूरो, हृदय रोग, स्पोर्टस, स्त्री रोग, शिशु रोग के लिए अलग-अलग फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ होते हैं। आजकल जानवरों के लिए वेटनरी फिजियोथेरेपिस्ट होते हैं। फिजियोथेरेपी किसी मरीज को किस समय करवाना चाहिए इस विषय पर डॉ. अमरोहित का कहना है कि हल्के नाश्ते के बाद या खाना खाने के तीन घंटे बाद आप फिजियो उपचार ले सकते हैं। कसरत से पहले और कसरत के बाद पानी जरूर पीना चाहिए। बीमारी के अनुसार आहार विशेषज्ञ से डाइट चार्ट बनवा लेनी चाहिए। फिजियोथेरेपी के नई तकनीकों के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. अमरोहित ने बताया कि आजकल चर्म रोग, स्त्री रोग में भी फिजियोथेरेपी उपचार विधा



का सहारा लिया जा रहा है। कोई भी ऑपरेशन के बाद मरीज को अस्पताल से जल्दी घर पहुंचाने में और वापस अपने काम पर लौटाने में फिजियोथेरेपी उपचार का कोई तोड़ नहीं है। मरीज को किन पांच चीजों को ध्यान देना चाहिए - एक्सपर्ट फिट हो। मोटापे से ग्रस्त और पैरालिसिस के मरीज को आसानी से एक्सरसाइज करा सके। -थैरेपी का सेंटर घर से नजदीक हो ताकि नियमित उपचार ले सके- ऐसे सेंटर का चुनाव करें जहां विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट ही उपचार करते हों।सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्टाफी जैसे कई मरीजों का उपचार जीवन भर चलता है, ऐसे में विशेषज्ञ बार-बार नहीं बदलना चाहिए। -आजकल फिजियोथेरेपी उपचार का बीमा भी होने लगा है। इस संबंध में विशेषज्ञ की राय ले लें। डॉ. गीतेश अमरोहित - फिजियोथेरेपी में न्यूरोलॉजी में स्नातकोत्तर अर्हताधारी डॉ. गीतेश अमरोहित ने मेडिकल कॉलेज, रायपुर से पढ़ाई की है। पढ़ाई करने के बाद लंबे समय तक आंबेडकर अस्पताल, मेकाहारा रायपुर के न्यूरोसर्जरी विभाग में सेवा देने के पश्चात अब पूर्ण रूपेण लेखन कार्य कर रहे हैं। उन्होंने शासकीय सेवा से त्यागपत्र ही इसलिए दिया कि पूर्णरूपेण लेखन कार्य में सक्रिय हो सकें। ज्ञात हो कि डॉ. गीतेश कुमार अमरोहित चिकित्सा विज्ञान के अलावा छत्तीसगढ़ी साहित्य लेखन के क्षेत्र में भी कार्य कर रहे हैं.डोंगरगांव

**नगर के युवा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. गीतेश की लिखी किताबें पढ़ते हैं दुनिया भर के डॉक्टर**

फिजियोथेरेपी कितनी मददगार-डॉ. अमरोहित से खास बातचीतनगर के युवा फिजियोथेरेपी चिकित्सक डॉ. गीतेश कुमार अमरोहित ने लंबे समय तक राजधानी रायपुर के मेकाहारा के न्यूरोसर्जरी विभाग में सेवा देने के पश्चात अब पूर्णरूपेण लेखन कार्य कर रहे हैं। उनकी लिखी मेडिकल की दर्जन भर से ज्यादा पुस्तकें देश ही नहीं विदेशों में भी काफी लोकप्रिय हैं। अपने फिजियोथेरेपी के अंतिम वर्ष की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने उसी वर्ष की किताब लिख दी थी। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर उनसे दैनिक भास्कर की खास बातचीत -डॉ. गीतेश अमरोहित का कहना है कि फिजियोथेरेपी एक सैद्धांतिक चिकित्सकीय विज्ञान और जीवनशैली का अनुशासन है। यह उपचार ही नहीं करता बल्कि स्वस्थ कैसे रहें इसका गुर भी सिखाता है। वर्तमान में लाइफस्टाइल से संबंधित बीमारियों से लोग अधिक ग्रस्त हो रहे हैं मसलन कमर दर्द, गरदन दर्द, घुटने का दर्द, हृदय और फेफड़ों से संबंधित बीमारियां। इन सब बीमारियों के बचाव और उपचार में फिजियोथेरेपी कारगर है। डॉ. अमरोहित का कहना है कि मशीनों और एक्सरसाइज के माध्यम से फिजियोथेरेपी की चिकित्सा की जाती है। मरीज, महिला है या पुरूष, बीमारी, हृदय की धडक़न, उम्र, वजन और ऊंचाई को आधार बनाकर थैरेपी दी जाती है। मरीज व बीमारी की स्थिति अनुसार कसरत, कितनी बार, कैसे, कितनी देर करनी है यह तय किया जाता है। अस्थि रोग, न्यूरो, हृदय रोग, स्पोर्टस, स्त्री रोग, शिशु रोग के लिए अलग-अलग फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ होते हैं। आजकल जानवरों के लिए वेटनरी फिजियोथेरेपिस्ट होते हैं। फिजियोथेरेपी किसी मरीज को किस समय करवाना चाहिए इस विषय पर डॉ. अमरोहित का कहना है कि हल्के नाश्ते के बाद या खाना खाने के तीन घंटे बाद आप फिजियो उपचार ले सकते हैं। कसरत से पहले और कसरत के बाद पानी जरूर पीना चाहिए। बीमारी के अनुसार आहार विशेषज्ञ से डाइट चार्ट बनवा लेनी चाहिए। फिजियोथेरेपी के नई तकनीकों के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. अमरोहित ने बताया कि आजकल चर्म रोग, स्त्री रोग में भी फिजियोथेरेपी उपचार विधा का सहारा लिया जा रहा है। कोई भी ऑपरेशन के बाद मरीज को अस्पताल से जल्दी घर पहुंचाने में और वापस अपने काम पर लौटाने में फिजियोथेरेपी उपचार का कोई तोड़ नहीं है। मरीज को किन पांच चीजों को ध्यान देना चाहिए - एक्सपर्ट फिट हो। मोटापे से ग्रस्त और पैरालिसिस के मरीज को आसानी से एक्सरसाइज करा सके।थैरेपी का सेंटर घर से नजदीक हो ताकि नियमित उपचार ले सके- ऐसे सेंटर का चुनाव करें जहां विशेषज्ञ फिजियोथेरेपिस्ट ही उपचार करते हों- सेरेब्रल पाल्सी, मस्कुलर डिस्टाफी जैसे कई मरीजों का उपचार जीवन भर चलता है, ऐसे में विशेषज्ञ बार-बार नहीं बदलना चाहिए। -आजकल फिजियोथेरेपी उपचार का बीमा भी होने लगा है। इस संबंध में विशेषज्ञ की राय ले लें। ये हैं डॉ. अमरोहित - फिजियोथेरेपी में न्यूरोलॉजी में स्नातकोत्तर अर्हताधारी डॉ. गीतेश अमरोहित ने मेडिकल कॉलेज, रायपुर से पढ़ाई की है। पढ़ाई करने के बाद लंबे समय तक आंबेडकर अस्पताल, मेकाहारा रायपुर के न्यूरोसर्जरी विभाग में सेवा देने के पश्चात अब पूर्ण रूपेण लेखन कार्य कर रहे हैं। उन्होंने शासकीय सेवा से त्यागपत्र ही इसलिए दिया कि पूर्णरूपेण लेखन कार्य में सक्रिय हो सकें। ज्ञात हो कि डॉ.अमरोहित चिकित्सा विज्ञान के अलावा छत्तीसगढ़ी साहित्य लेखन के क्षेत्र में भी कार्य कर रहे हैं.

## ज्ञान मंथन

*1) जूडो में शिडो शब्द का प्रयोग किसलिए किया जाता है?*
*2) इंग्लैंड का बॉन्ड स्ट्रीट किस लिए मशहूर है?*
*3) किसके द्वारा रचित नागानंद, एक संस्कृत नाटक है, जिसमें नागों को बचाने के लिए विद्याधर राजा जिमुतवाहन के आत्म-बलिदान की लोकप्रिय गाथा का वर्णन है?*
*4) सर चार्ल्स विल्किन्स किस अनुवाद के लिए प्रसिद्ध है?*
*5) मोहिनीअट्टम की जननी किसके जीवन पर आधारित एक डॉक्यू-फिक्शन है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) मामूली जुर्माना (2) ज्वेलरी और टेलरिंग (3) हर्षवर्धन (4) भगवद् गीता (5) कलामंडलम कल्याणीकुट्टी अम्मा

# वैश्विक स्वास्थ्य चिंता से जुड़ा है फिजियोथेरेपी

**8 सितंबर विश्व फिजियोथेरेपी दिवस...**

विश्व फिजियोथेरेपी दिवस एक ऐसा दिन है जब शारीरिक विकृतता के लिए चिंता उभरकर सामने आती है । किसी भी प्रकार की शरीर की मूवमेंट से संबंधित समस्या का निदान केवल फिजियोथेरेपिस्ट के पास ही उपलब्ध हो पाता है । विशेष रूप से फ्रोजन सोल्डर में फिजियोथेरेपी कारगर सिद्ध होती आ रही है । यह एक ऐसी विकृति है जो लंबे समय तक कंप्यूटर के माध्यम से कार्य संपन्न करने पर उत्पन्न होती है । इसका दूसरा महत्वपूर्ण कारण आज के युग में मनुष्य द्वारा खुद के लिए समय निकालकर पैदल चलना या एक्सरसाइज न करने के रूप में सामने आ रही है । पूरे दिन एक जैसी मुद्रा में बैठकर काम करते रहने से ही शरीर के जोड़ वाले हिस्से मूवमेंट न होने के कारण कार्य करने में असफल होने लगते हैं । हाथों के मूवमेंट में भी कमी आने अथवा उपर न उठाए जाने पर फ्रोजन सोल्डर जैसी समस्या उत्पन्न होने लगती है । इसी वजह से कंधे की हड्डियों को हिलाना - डुलाना मुश्किल होने लगता है । मेडिकल भाषा में इसी विकृति के कारण पैदा होने वाले असहनीय दर्द को एडहेसिव कैप्सूलाइटिस कहा जाता है ।

प्रत्येक व्यक्ति को यह जानना जरूरी है कि मानवीय शरीर में प्रत्येक ज्वाइंट के बाहर एक कैप्सूल होता है । फ्रोजन सोल्डर में यही कैप्सूल स्टिफया सख्त हो जाता है । इसकी वजह से दर्द धीरे - धीरे और अचानक बढ़ते हुए पूरे कंधे को जाम कर देता है तथा काम करने से पूरी तरह मना कर देता है । फ्रोजन सोल्डर की पहचान कर पाना भी इतना आसान नहीं होता है । प्राय: किसिबप्रकार की चोट को इसका कारण मान लिया जाता है जो सौ - फीसदी सही नहीं हो सकता है । कभी - कभी यह चोट की वजह से जरूरचो सकता है । फ्रोजन सोल्डर में दर्द अचानक उठता है । यह अपना असर इस तरह दिखता है कि धीरे - धीरे कंधे को उठाना अर्थात हिलाना - डुलाना मुश्किल हो जाता है । इस समस्या के तीन चरण हो सकते हैं । इन्हें फ्रीज पीरियड , फ्रोजन पीरियड तथा सुधार के द्वारा जाना जा सकता है । जब हमारा कंधा फ्रीज होने लगता है अथवा जाम होने लगता है तब इसे फ्रीज पीरियड का नाम दिया जाता है । इस स्थिति में असहनीय दर्द होता है , जो रात में और अधिक प्रभाव दिखाता है । इस स्थिति में पीड़ित कंधे को तनिक भी मूव जताने में असमर्थ होता है। कंधे के दर्द का दूसरा चरण फ्रोजन पीरियड कहा जा सकता है । इस चरण में कंधे की स्टिफनेस बढ़ती जाती है । धीरे - धीरे कंधे की गतिविधियां कम होने लगती हैं । दर्द बहुत होता है , किंतु इसे असहनीय नही कहा जा सकता है । फ्रोजन सोल्डर का तीसरा रूप सुधार के न से पहचाना जाता है । यह ऐसी स्थिति है जब पीड़ित लगने कहता है कि उसके दर्द में कमी आ रही है । मूवमेंट भी थोड़ा - बहुत होने लगता है , किंतु दर्द कभी - कभी अचानक उठता है और बेचैन करने लगता है । कंधे का दर्द किसी भी स्तर का हो इसके इलाज में किसी तरह की लापरवाही नहीं दिखानी चाहिए । लक्षण और शारीरिक जांच के उपरांत कुशल फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर इलाज की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए ।



प्रारंभिक जांच के साथ ही डॉक्टर कंधों और बांह के के कुछ खास हिस्सों पर दबाव देकर दर्द की तीव्रता को जांचते - परखते हैं । इसके अलावा एक्स- रे या फिर एम आर आई कराने की सलाह भी दी जाती है । जहां तक इलाज और दवाइयों की बात की जाए पीड़ित को पेन किलर के साथ ही स्टेरॉयड ,इंजेक्शन , सोल्डर मैनिपुलेशन और फिजियोथेरेपी के अंतर्गत एक्सरसाइज जैसी प्रक्रिया से गुजरना होता है । उपचार के मामले में डॉक्टर्स द्वारा फ्रीजिंग स्टेज को ध्यान में रखते हुए दर्द से राहत के लिए कंधे को बड़ी ही सहजता के साथ धीरे - धीरे हिलाना , मांसपेशियों को ढीला करना , ड्राई नीडलिंग और कोइनस्योलॉजी टेपिंग जैसी थेरेपी देना शुरू किया जाता है । टेंस मशीन के उपयोग द्वारा दर्द को कम करने का प्रयास भी शुरू किया जाता है , जो काफी राहत देने वाला होता है । इसमें कंधों की गतिशीलता से संबंधित व्यायाम कराए जाते है । विशेष रूप से पेंडुलम व्यायाम , कंधों को आगे की ओर उठाना , कंधे जा बाहरी घुमाव और कंधे का प्रभावी तरीके से आंतरिक और बाह्य घुमाव इलाज में शामिल किया जाता है । एक्सरसाइज शुरू करने से पहले दर्द में राहत के लिए गर्म या ठंडा पैक लगाया जा सकता है । स्ट्रेचिंग के साथ नम गर्मी के प्रयोग से मसल की विस्तारशीलता में सुधार देखा गया है । सहनशीलता के साथ पीड़ित पुल्ली एक्सरसाइज भी कर सकता है । फ्रोजन स्टेज के दौरान कंधे के जोड़ की गति की सीमा में कमी आती है । कंधे के जोड़ की गतिशीलता और खिंचाव , मसल को आराम देने की तकनीक , ड्राई नीडलिग और क्षमता को पुन: प्राप्त करने के लिए व्यायाम का सहारा लिया जा सकता है । मोबिलाइजेशन के साथ मूवमेंट शैली जैसी तकनीक सबसे प्रभावी इलाज मानी जा सकती हैं ।

दर्द से राहत के लिए गर्म और ठंडा पैक लगाया जा सकता है । छाती की मसल्स और कंधे की मांसपेशियों के लिए स्ट्रेचिंग वाला व्यायाम करते रहना चाहिए । मांसपेशियों की ताकत बनाए रखने के लिए आइसोमेट्रिक या स्टेटिक संकुचन जैसे व्यायाम भी किए जा सकते हैं । इसे कंधे में दर्द बढ़ने की चिंता के बिना किया जा सकता है । इसी इलाज के चरण में शामिल सुधार चरण पीड़ित को सबसे अधिक आराम देने वाला होता है । इस समय मजबूती बढ़ाने वाले व्यायाम महत्वपूर्ण माने जा सकते है क्योंकि कुछ महीनों तक काम हरकत करने के बाद कंधा काफी कमजोर हो जाता है । जाम हुए कंधों की तुलना में पीड़ित सहन की गई सीमाओं के भीतर , लंबे समय तक धारण अवधि के साथ अधिक गतिशीलता वाले व्यायाम भी आइसोमेट्रीक या संकुचन से आगे और अंतत: वजन वाली मशीनों तक पहुंच सकते हैं । रोटेटर कफव्यायाम , साथ ही डेल्टोइड और चेस्ट की मसल्स के लिए व्यायाम उपचार में शामिल किए जा सकते हैं । समय रहते सहीं व्यायाम तकनीक के द्वारा इसे आसानी से ठीक किया जा सकता है ।

**डॉ . हर्ष - रश्मि मोतीरमानी**
**संजीवनी फिजियोथेरेपी क्लिनिक**
**लालबाग , राजनांदगांव**

## स्टेट बैंक की मुख्य शाखा का स्थानांतरण बड़ी समस्या का हल - मोनू बहादुर

**राजनांदगांव।** वर्षों से कामठी लाईन में संचालित स्टेट बैंक की मुख्य शाखा को दिग्विजय स्टेडियम में स्थानांतरित किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री व स्पीकर डॉ. रमन सिंह जी के हस्तक्षेप के बाद जिला प्रशासन ने इस संदर्भ में प्रयास किया था।



भाजयुमो जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने इस दूरदर्शी प्रयास के सफल होने पर पूर्व सीएम व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, हमारे स्थानीय विधायक व विस स्पीकर ने शहर के विकास और अधोसंरचना सुदृढ़ किए जाने के साथ ही नागरिकों को व्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध कराने और खिलाड़ियों हेतु अवसर सृजित किए जाने की अपनी प्रतिबद्धता एक बार फिर साबित की है। मोनू बहादुर ने कहा कि, मुख्यमंत्री रहते डॉ. रमन सिंह जी ने विशाल दिग्विजय स्टेडियम का पुर्ननिर्माण करवाया था। आज उसी दूरदर्शी अधोसंरचना के बूते एक बड़ी सुविधा लोगों को मुहैया होगी। कामठी लाईन में स्टेट बैंक की मुख्य शाखा वर्षों से प्रथम तल पर संचालित है। यहां पार्किंग का स्थान न होने से बड़ी मुश्किलें थीं। दिव्यांगों के लिए भी चुनौती थी। इस समस्या को लेकर शहरवासियों की मांग पर पूर्व मुख्यमंत्री व विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह जी ने संज्ञान लेते हुए इस मुख्य शाखा को स्टेडियम में स्थानांतरित करने का विचार किया। जिससे न केवल ब्रांच में आने वालों के लिए पार्किंग की समस्या खत्म हो जाएगी बल्कि दिव्यांगों को भी दिक्कत नहीं आएगी। इसके अतिरिक्त ब्रांच द्वारा दिए जाने वाले 3 लाख 10 हजार रुपए प्रति माह के किराए से स्टेडियम का मेंटनेंस और दूसरे कार्य खिलाड़ियों के हित में हो सकेंगे। इससे खिलाड़ियों को भी बड़ा लाभ होगा। इस दूरदर्शी योजना हेतु उन्होंने जिला प्रशासन को बैंक प्रबंधन से चर्चा के लिए कहा था। चर्चा उपरांत स्टेट बैंक ने स्टेडियम में उपलब्ध करवाए जा रहे 5 हजार स्क्वेयर फीट के क्षेत्र में शाखा संचालन के लिए सहमति दे दी है।

## प्राथमिक शाला भवन के निर्माण से गाँव के बच्चों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिलेगा- उपमुख्यमंत्री

**कवर्धा।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम गुलालपुर और गांगपुर में 11 लाख 48 हजार रुपए की लागत से निर्मित प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए स्कूल भवन की बधाई एवं शुभाकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे इन विकास कार्यों से बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। नए भवन से विद्यार्थियों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा, जिसमें वे अपने भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है और इसलिए सरकार शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

# भाजयुमो ने शवयात्रा निकालकर किया प्रदर्शन पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की मांग

**राजनांदगांव।** लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ (पीएससी) की भर्तियों में भ्रष्टाचार के खिलाफजिला भाजयुमो ने आज आक्रामक प्रदर्शन किया। जिला युवा मोर्चा और मंडल पदाधिकारियों ने महावीर चौक से मानव मंदिर चौक तक विरोध प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिकात्मक शव यात्रा निकाली। अंत में पुलिस से झड़प के बीच भाजयुमो नेताओं ने पुतला दहन भी किया। प्रदेश में लोक सेवा आयोग की भर्तियों में सत्तापक्ष के नेताओं, अधिकारियों के बेटे-बेटी, रिश्तेदारों को अनुचित तरीके से उत्तीर्ण कर उन्हें डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी, जेल अधीक्षक, आबकारी अधिकारी जैसे कई पदों से नवाजा गया है। ऐसे अभ्यर्थियों की उत्तर पुस्तिका के सार्वजनिक होने के बाद इसमें गड़बड़ियां साफनज़र आ रही हैं। इस मामले को लेकर भाजपा ने प्रदर्श में मोर्चा खोला हुआ है। भाजयुमो ने इन गड़बड़ियों को सामने रखते हुए भूपेश सरकार को युवाओं को हक छिनने वाली सरकार करार दिया है। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने प्रदर्शन के बाद कहा कि, प्रदेश में हालात अंधेर नगरी चौपट राजा जैसे हैं। आयोग के पूर्व चेयरमेन टामन सोनवानी के परिवार के पांच सदस्यों को अधिकारियों की श्रेणी में स्थान दिया गया है। उनका चयन किसी संयोगवश नहीं हुआ है। यह भी प्रमाणित हो चुका है। हाईकोर्ट ने भी इस मामले में तल्ख टिप्पणी की है। न्यायाधीशों के लिए भी पीएससी के नतीजे आश्चर्यजनक हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में सरकार और उनके नुमाईंदों के खिलाफ जमकर आक्रोश है। इस सरकार ने पहले तो युवाओं से बेरोजगारी भत्ता के लिए झूठ बोला और अब लगातार दो सालों के पीएससी नतीजों में भ्रष्टाचार के तथ्य सामने हैं। इस मामले में सरकार अपने ही प्रपंच के जांच का दावा कर रही है। लेकिन यह स्वीकार नहीं है। एक अपराधी को ही उसके अपराध की जांच आखिर कैसे सौंपी जा सकती है। हमारी मांग है कि इन मामलों की जांच सीबीआई से करवाई जाए। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश मंत्री आलोक श्रोती, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, महामंत्री गोलू सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष,नोमेश वर्मा,देवा झा,उज्जवल कसेर,शिवम यादव, संयम शर्मा,साहिल गोलछा,आशुतोष सिंह, कमलेश प्रजापति,अंकित गरेवाल, मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, सज्जन ठाकुर,पैमन अग्रवाल, साकेत वैश्नव, चेतन यादव, सूरज नायक, कमलेश लहरे, आशीष जैन, राघव ठक्कर,, नितेश नायक,हिमांशु सोनवानी,अभिषेक पांडेय, सुवितेश श्रीवास्तव, अमितेश झा,आशु कसार, कृष्ना निषाद,रवि बंजारे,जैकी सोनकर,विकास साहू, संयम जैन,प्रज्वल गुप्ता, रोहित सिन्हा, आशीष सिन्हा, सूरज सिंह राजपूत, सागर सोनी, हरीश सोनवानी, निषाद खान, अभिषेक झा, तरूण सेठिया, नीलेश पंसारी, सौरभ सिंह राजपूत, प्रथम जैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अखंड रामधनी आयोजन संपन्न

**राजनांदगांव।** ग्राम धामनसरा में समस्त ग्रामवासियों तत्वधान में तीज त्यौहार अवसर पर 6 एवं 7 सितंबर को अखंड रामधनी आयोजन किया गया जिसमें श्रीराम चंद पुजा अर्चना कर रामधुन भजन प्रारंभ किया जय मां दन्तेश्वरी बस्तरहीन रामधुनी भजन मंडली ग्राम चमर्राटोला जिला मोहला मानपुर चौकी वाले अगंद सवांद रावण वध झांकी आयोजन किया गया मंडली वाले सम्मान नगद राशि एवं श्री फल सम्मानित किया गया योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव बिसे पटेल अध्यक्ष पटेल समाज धामनसरा राज ढालू राम पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति उपाध्यक्ष सिलीप पटेल हिरदे यादव सुखेन पटेल कोषाध्यक्ष जानू राम पटेल भागवत दास वैष्णव पंच मोहित पटेल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।



# उप मुख्यमंत्री ने श्रृंगारपुर, गुलालपुर और गांगपुर में अनेक विकास कार्यों की दी सौगात

**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम श्रृंगारपुर, गुलालपुर और गांगपुर ग्रामीणवासियों से भेंट मुलाकात कर सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने उनकी मांग, समस्या और शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके अनेक मांगों को तत्काल पूरा करते हुए विकास कार्यों की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामवासियों की मांग पर विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम गुलालपुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए और गांव के विकास के लिए सीसी रोड निर्माण की घोषणा की। ग्राम गांगपुर में सीसी रोड निर्माण के लिए 7 लाख रुपए, उचित मूल्य दुकान के पास हैंड पंप, फ्लोरिंग के लिए 3 लाख रुपए, किचन शेड के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए, आश्रित ग्राम सोनपुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रुपए की घोषणा की और मनरेगा के तहत पुलिया निर्माण के लिए आश्वासन दिया। उन्होंने ग्राम श्रृंगारपुर में शीतला मंदिर में बाउंड्री वॉल, हाई मास्क लाईट और सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा की। उप



मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्रामवासियों से कहा कि गांव के विकास के लिए प्रदेश की सरकार लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए अनेक योजनाएं भी संचालित की जा रही है। जिससे गांव का आर्थिक विकास हो सके। उन्होंने कहा कि गांव का विकास तभी संभव है जब गांव के लोग सक्रिय रूप से उसमें भाग लें। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए निरंतर काम कर रही है और इसके लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर गांव के विकास में अपना योगदान दें और सरकार के प्रयासों का साथ दें। उन्होंने कहा कि गांव के समग्र विकास के लिए सभी ग्रामीणों को मिलकर प्रयास करना होगा। सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब गांव के लोग स्वयं भी आगे बढ़कर उनमें भागीदारी करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सुधार करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, और इसके लिए जरूरी संसाधन भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि गांव की शांति वहां की सबसे बड़ी संपत्ति है, जिसे बचाए रखना आवश्यक है। उन्होंने गांव के लोगों से आग्रह किया कि वे आपसी सहयोग और एकजुटता के साथ मिलकर गांव के विकास में योगदान दें। श्री शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि गांव का सामूहिक सहयोग और सौहार्द्र ही उसे आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि गांव में सब मिलकर साथ दे और गांव के विकास के लिए सहयोग करे। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष पटेल, जनपद सदस्य श्री रवि राजपूत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परदेशी पटेल, श्री सोहन सिवोपसक, श्री योगेश साहू, सरपंच सुरुज लाल पटेल, श्री ईश्वरी साहू सहित जनप्रतिनिधि, नागरिकगण उपस्थित थे।

## धर्म समाचार....

# छोटा-सा चूहा कैसे बना गणेश जी का वाहन? सीख भी देती है यह कथा



हर साल भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी तिथि से गणेश महोत्सव की शुरुआत होती है। ऐसे में इस साल गणेश चतुर्थी 07 सितंबर को मनाई जाएगी। हिंदू धर्म ग्रंथों में गणेश जी से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं मिलती हैं। ऐसे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि आखिर क्यों गणेश जी ने एक छोटे से चूहे को अपने वाहन के रूप में चुना।हिंदू धर्म में शिव जी का वाहन नंदी को माना जाता है, वहीं मां दुर्गा का वाहन शेर को माना जाता है। लेकिन वहीं गणेश जी छोटे-से चूहे पर सवार होते हैं। आपके मन में भी यह ख्याल आया होगा कि आखिर गणेश जी ने मूषक को ही अपना वाहन क्यों बनाया। दरअसल भगवान गणेश द्वारा चूहे को अपना वाहन बनाने के पीछे कई पौराणिक कथाएं मिलती हैं। तो चलिए जानते हैं इसका कारण।




**मुनि वामदेव ने दिया श्राप**- पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार इंद्र देव के दरबार में एक क्रोंच नामक गंधर्व था। जब इंद्र का दरबार चल रहा था, तो क्रौंच हंसी ठिठोली में लगा हुआ था, जिससे दरबार में बाधा उत्पन्न होने लगी। अपनी मस्ती में मस्त क्रौंच ने मुनि वामदेव के ऊपर पैर रख दिया। इससे मुनिदेव क्रोधित हो उठे और क्रौंच को चूहा बनने का श्राप दे दिया।

**गणेश जी ने इस तरह की सहायता**- चूहे के आतंक से परेशान होकर ऋषि, भगवान गणेश की शरण में पहुचे और उन्हें सारी बात बताई। तब भगवान गणेश ने उस उत्पाती चूहे को सबक सिखाने के लिए पाश फेंका, जिसमें वह फंस गया। इसके बाद वह गणेश जी से क्षमायाचना करने लगा, जिससे गणेश जी को उसपर दया आ गई और उन्होंने उसे अपना वाहन बना लिया।

**मिलती है ये सीख**- भगवान गणेश द्वारा एक छोटे और दुर्बल जीव को वाहन बनाना के पीछे यह भी है कि गणेश जी कमजोर और दुर्बलों पर कृपा करते हैं। यही कारण है कि एक छोटे से चूहे पर कृपा कर उन्होंने उसे अपने वाहन के रूप में स्वीकार किया। साथ ही उसे इतना प्रबल बनाया कि वह गणेश जी का भार उठा सके। साथ ही गणेश जी का चूहे को वाहन बनाना इस बात का भी संकेत है कि संसार में कभी किसी को छोटा या तुच्छ नहीं समझना चाहिए, क्योंकि हर किसी की अपनी एक उपयोगिता और क्षमता है।

## एंजल की सलाह से बेहतर होगा आपका दिन, जानें क्या करें क्या नहीं

अपने भविष्य के बारे में जानने के लिए टैरो कार्ड रीडिंग का चलन काफी बढ़ गया है। टैरो कार्ड के इस्तेमाल करके भूत वर्तमान या भविष्य के बारे में भी जानकारी हासिल की जाती है। ऐसे में आप अंक ज्योतिष और टैरो विशेषज्ञ पल्लवी एके शर्मा से जान सकते हैं कि शनिवार 07 सितंबर के दिन किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। आत्म विकास के लिए प्रयास करें। याद रखें कि जब तक आप खुश को सशक्त नहीं पाते, तब तक आप दूसरों के भी काम नहीं आ सकते। इसलिए दूसरों को सीख देने से पहले खुद भी सीखें। अपनी आंतरिक दिव्यता से जुड़ने का प्रयास करें, इससे आपको अपनी स्थिति में लाभ देखने को मिलेगा। अपने प्रियजनों और परिवार के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताएं। ीवन के आध्यात्मिक और भौतिक पहलुओं को संतुलित करने का प्रयास करें। जीवन के सभी पहलुओं में खुशी और सुंदरता खोजने से आपको लाभ होगा।



**भूल से भी न करें ये काम** --एंजल आज आपको कुछ कार्यों से दूर बनाने की भी सलाह देते हैं, जो इस प्रकार हैं - किसी के लिए भी अपनी सीमाओं को बहुत कम करने से बचें। किसी के साथ बुरा बर्ताव न करें।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी-टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# फिल्मों में परोसी जा रही अश्लीलता पर लगाम लगाने की जरूरत - ड्रीमगर्ल हेमामालिनी

अरविन्द तिवारी

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )** । आजकल ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ रही फिल्मों में अश्लीलता परोसी जा रही है जिसकी वजह से उसे परिवार के साथ बैठकर देखा नहीं जा सकता , इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। बदलते परिवेश के साथ म्यूजिक में भी थोड़ा बदलाव हुआ है , लेकिन संगीत की आत्मा नहीं मरनी चाहिये। शास्त्रीय संगीत को आगे बढ़ाने के लिये चक्रधर समारोह जैसे और भी आयोजन होने चाहिये। मैं आजकल के फिल्मी गाने को खराब नहीं बोल रही , बहुत अच्छा है क्योंकि उसमें उस रोल के हिसाब से उनका परफार्मेंस होता है। हमारे समय के फिल्म भी बहुत बढ़िया थे , बहुत ही सिंपल और सुंदर थे जिसे कोई भी परिवार के साथ बैठकर देख सकता है। आजकल फिल्म पूरा परिवार बैठकर नहीं देख सकते और बच्चों को भी बोलना पड़ता है कि ऐसा फिल्म मत देखो।

उक्त बातें चक्रधर समारोह में भाग लेने रायगढ़ पहुंची ड्रीमगर्ल हेमामालिनी ने जिंदल गेस्ट हाऊस में पत्रकारों से चर्चा करते हुये कही। ड्रीमगर्ल ने कहा छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार है। पीएम मोदी भी छत्तीसगढ़ के विकास के लिये पर्याप्त फंड उपलब्ध करा रहे हैं। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में विकास दिखने लगा है। सीएम विष्णु साय भी प्रदेश में अच्छा काम कर रहे हैं। खास तौर पर बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों के विकास के लिये अच्छा काम हो रहा है। हेमामालिनी ने कहा कि उनकी शुरुआत नृत्य से हुई। इसी वजह से फिल्मों में भी आना हुआ और अब राजनीति में जाकर लोगों की सेवा कर रही हैं। हेमामालिनी ने चक्रधर समारोह के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुये कहा कि वे पहले भी इस समारोह में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं और उनकी दोनों बेटियों ने भी यहां अपने प्रदर्शन किये हैं। वे पिछले बार यहां दुर्गा की प्रस्तुति की थी और इस बार हम राधा रास बिहारी पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत करेंगे। यह एक शानदार अवसर है और मुझे इस बार भी यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। इस भव्य आयोजन की तैयारी पूरी हो चुकी है और यह सुनिश्चित किया गया है कि दर्शकों को एक अविस्मरणीय सांस्कृतिक अनुभव मिले। चक्रधर समारोह जो छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करता है। इस बार भी अपने विविध और रंगीन कार्यक्रमों के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिये तैयार है।



फिल्म अभिनेत्री हेमामालिनी ने कहा आप लोग जब बुलाते हैं, तब परफॉर्म करती हूं, तब बहुत सारे जनता के साथ मेरा लगाव रहता है। इसलिये मैं इसे जारी रखना चाहती हूं। मैं अभी कोई भी फिल्म नहीं कर रही हूं, पहले बहुत कर चुकी हैं और भी फिल्म करने को तैयार हूं लेकिन कोई बेहतर रोल मिले तब मैं अभी भी फिल्म करूंगी, क्योंकि मैं अभी भी कर सकती हूं और करने के काबिल भी हूं। लेकिन नृत्य के साथ अभी भी जुड़ी हुई हूं। इसके अलावा सांसद बनने भी अवसर उन्हें मिल चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि वे चुनाव प्रचार के दौरान कई बार रायगढ़ और छत्तीसगढ़ का दौरा कर चुकी हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुये कहा कि छग बहुत सुंदर है और यहां की संस्कृति भी बहुत समृद्ध है , यहां के लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया है और यहां आकर मुझे बहुत खुशी भी मिलती है। उन्होंने कहा आज आपने मुझे यहां बुलाया है , तो जरूर आज चक्रधर समारोह में जनता की भारी भीड़ होगी। लेकिन कल से चक्रधर समारोह जैसे बड़े आयोजन में जो भी कार्यक्रम आयोजित होगा उसमें भी उतना ही भीड़ होना चाहिये , तभी पता चलेगा कि हमारी संस्कृति कितना आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा मथुरा की सांसद होने के नाते उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र के विकास की है काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के बाद अब मथुरा क्षेत्र का विकास करना मोदी सरकार की प्राथमिकता है , इस क्षेत्र में काम भी शुरू हो गया है। मथुरा में कॉरिडोर बन चुका है , अबजल्द ही मथुरा भी अयोध्या की तर्ज पर डेवलप नजर आयेगी। उल्लेखनीय है कि आज दस दिवसीय आयोजित चक्रधर समारोह के शुभारम्भ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुये , समारोह का शुभारंभ श्री गणेश पूजन , दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना से हुआ। जिसके पश्चात रायगढ़ कत्थक घराने के वरिष्ठ कलाकार तथा इस वर्ष पद्मश्री से नवाजे गये रामलाल को कत्थक घुंघरू सम्मान से सम्मानित किया गया। जिसके बाद भूपेंद्र बरेठ और साथी कलाकारों द्वारा कत्थक समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई । इसके पश्चात दर्शकों को छत्तीसगढ़ की माटी के लोक विधा करमा नृत्य का आनंद लेने का अवसर मिला। जशपुर के मनियर भगत एवं साथी के द्वारा करमा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में ड्रीमगर्ल और पद्मश्री हेमामालिनी राधा रास बिहारी नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी , जिसका दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।

# पुल निर्माण की स्वीकृति के लिए फाइल केंद्र सरकार के सबंधित विभाग के पास

## नये टेंडर होने के बाद चालू होगा पुल का निर्माण

**गंडई ( नांदगांव टाइम्स )**। गंडई-धमधा मुख्य मार्ग स्थित दनिया पुल निर्माण की स्वीकृति सेतु निगम दुर्ग कार्यालय के माध्यम से केंद्र सरकार से प्राप्त हुआ था, जिसकी स्वीकृति राशि 3.53 करोड़ था, जिसमें निर्माण के पूर्व तकनीकी त्रुटि सामने आने की वजह से पुल निर्माण के प्राक्कलन में आवश्यक सुधार हेतु नए प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु फाइल केंद्र सरकार के संबंधित विभाग के पास भेजा गया है, जिसमें हरिजन मुक्तिधाम जाने के लिए मार्ग निर्माण हेतु 43 लाख का प्रावधान किया गया है।

दनिया पुल निर्माण के लिए पूर्व में जारी टेंडर में किसानों के खेतिहर मार्ग के अवरुद्ध होने और हरिजन समाज के मुक्तिधाम मार्ग का प्रावधान नहीं होने के कारण निरस्त करना पड़ा। पूर्व स्वीकृत टेंडर के प्राक्कलन के अनुसार पुल निर्माण से ग्राम दनिया स्थित अनुसूचित समाज के मुक्तिधाम जाने का मार्ग पूर्ण रूप से बंद होने के साथ ही एक खेतिहर मार्ग का रास्ता बंद हो रहा था। तत्संबंध में दनिया अनुसूचित समाज एवं किसानों की ओर से लिखित आपत्ति कलेक्टर खैरागढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। आपत्ति के जांच उपरांत दनिया अनुसूचित समाज और किसानों की आपत्ति सही पाया गया, इसके बाद पुल निर्माण तकनीकी शाखा के अधिकारियों के द्वारा मौका मुआयना कर परीक्षण किया गया, जिसमें पुल निर्माण में तकनीकी खामी पाए जाने के बाद पुल निर्माण के प्राक्कलन में आवश्यक सुधार की प्रक्रिया के लिए विभागीय पत्राचार कर लिया गया है। स्वीकृति मिलते ही पुल निर्माण के लिए टेंडर जारी किया जाएगा, तब तक नदी का जलस्तर भी कम हो जाएगा। इस संबंध में संबंधित विभाग के इंजीनियर रंगारी का कहना है कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार से रोक नहीं लगा है, बल्कि तकनीकी खामी और हरिजन समाज के मुक्तिधाम के मार्ग के विकल्प के अभाव तथा खेतिहर मार्ग के आवाजाही बंद होने के कारण प्राक्कलन में बदलाव करना आवश्यक हो गया था। इस संबंध में सेतु निगम दुर्ग के एसडीओ फारूखी का कहना है कि प्राप्त आपत्तियों पर जिलाधीश द्वारा परीक्षण पश्चात दिए गए निर्देशानुसार पूर्व इस्टीमेट में आवश्यक तकनीकी सुधार कर नए प्राक्कलन स्वीकृति के बाद पुल निर्माण के लिए नए टेंडर जारी किया जाएगा।



# श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम में 10 दिनी भंडारा के साथ मनेगा गणेश उत्सव शुरू

## पार्षद गप्पू सोनकर के नेतृत्व में हर साल होता रहा है सफल आयोजन

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। शहर की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गणेश उत्सव की तैयारी व्यापक तौर से की जा रही है। इसी कड़ी में श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम मंदिर जनता कॉलोनी लखोली में समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार 10 दिवस तक भंडारा आयोजित करके प्रथम पूज्य देवता का जन्म उत्सव मनाया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे और उपाध्यक्ष गप्पू सोनकर (पार्षद वार्ड क्रमांक 31 ) ने समवेत तौर से बताया कि इस मंदिर में वर्ष भर समय-समय पर विशेष आयोजन होते रहते हैं। फिर तो श्री सिद्धिविनायक अंबे धाम में गणेश उत्सव का कहना ही क्या? जनता कॉलोनी ही नहीं आसपास के श्रद्धालुओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहता है। आज 7 सितंबर गणेश चतुर्थी से शुरू हुए। गणेश उत्सव की अनंत चतुर्दशी तक धूम रहेगी। प्रतिवर्षानुसार इस बरस भी 10 दिन तक हर शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक भंडारा प्रसादी का महा आयोजन होगा। सुबह शाम नियमित आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। मंदिर को विशेष ढंग से सजाया गया है। गणेश उत्सव को अविस्मरणीय बनाने के लिए समिति के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित सचिव मोहन सिंह राजपूत संरक्षणगण, महेश अग्रवाल, राजेंद्र लड्डा, टी आर ठाकुर, राजेंद्र श्रीरंगे, मोहन सिंग राजपूत, नवीन जैन, दीपक जैन, अलोक श्रीवास्तव, तिलाराम ठाकुर, किशोरी पारख, मन्नू शुक्ला, झनक राजपूत, राकेश सरोदे, निक्कू पाण्डेय, गवरव सोनकर, सोनू सोनकर, उभेलाल सोनकर, हरिश श्रीरंगे, दिनेश साहू, बृजेश श्यामकर और उभेलाल सोनकर सहित सदस्यगण भिड़े हुए हैं।



# शिक्षकों के सम्मान मे हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**अम्बागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )**। छुरिया मे सत्यम ब्लड ग्रुप छुरिया के संयोजन मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के युवाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान के प्रति युवाओं का जोश इस कदर था कि लक्ष्य से अधिक 40 लोगों ने रक्तदान किया और । इस कार्यक्रम मे क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो के युवाओं ने आगे बढ़कर रक्तदान किया। मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री अस्पताल एवं यूनुस ब्लड डोनेशन ग्रुप एवं युवा रक्तवीर एवं गायत्री परिवार छुरिया का विशेष योगदान रहा।



**रक्तदान के प्रति युवा हो रहे हैं जागरूक**

पुराने समय के लोगों मे एक धारणा होती हैं कि रक्तदान करने से शरीर मे कमजोरी होती हैं जिसके दबाव मे कई युवा रक्तदान करने से कतराते हैं। लेकिन जिनको रक्तदान करने के फायदें पता हैं ऐसे युवा आजकल रक्तदान करने के लिए आगे आ रहें हैं। शिक्षक दिवस के अवसर पर गायत्री मंदिर मे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे अधिकतर युवाओं ने प्रथम बार रक्तदान किया।

# छात्रों को विद्यार्थी जीवन के सफलता प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित - जयप्रकाश सिन्हा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय खुज्जी में अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जय प्रकाश सिन्हा द्वारा छात्रों को विद्यार्थी जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सफलता प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर क्रियाशिल रहने के लिए कहा सफलता एक-दो दिन में नहीं मिलती लेकिन एक दिन जरूर मिलती है यदि हम लक्ष्य के साथ निरंतर उस पर कार्य करते रहें। मोबाइल के दुरूपयोग ,नशा एवं बुरी संगति से बचने के लिए प्रेरित किया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्था के प्राचार्य गुमान साहू ,व्याख्याता रुपेश नगपुरे एवं गायत्री परिवार के गीता साहू उपस्थित थे।



# आया माचो दंतेश्वरी से गूंजा सांकरदाहरा धाम

## श्रीरामचरितमानस लोगों को आपस में जोड़ती है : मोहन मंडावी, दो दिवसीय गोस्वामी तुलसीदास जी जन्मोत्सव संपन्न

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान विकासखण्ड डोंगरगांव व जिला राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में जिलास्तरीय गोस्वामी तुलसीदास जी जन्मोत्सव मोक्षधाम सांकरदाहरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। द्वितीय दिवस समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मोहन मांडवी पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रांतअध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान रहे। उन्होंने संसद भवन में गए हुए राम भजन लोकगीत ' आबे हो मोरे राजा राम ' को सुना कर उपस्थित श्रोता समुदाय के हृदय में अमित छाप छोड़ा। वरिष्ठ साहित्यकार व कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने कहा कि एक गंगा हिमालय से निकली है किंतु यह तुलसी मानस प्रतिष्ठान रूपी गंगा झलमला की गंगा मैया से बहती आ रही है दोनो ही पापियों को तारने वाली है। आकाशवाणी के कलाकार साहित्यकार व वरिष्ठ गीतकार सीताराम श्याम द्वारा अपनी रचना ' बूझो बूझो गोरखनाथ अमृत बानी ' की प्रस्तुति ने जन मानस को ओत प्रोत कर दिया। उन्होंने राम मंदिर निर्माण विवाद में सुप्रीम कोर्ट में स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा दिए गए मंदिर तोड़े जाने के विषय में अपनी बाते रखे। प्रतिष्ठान के वरिष्ठ मोहन लाल यादव ने कहा कि निर्गुण सगुण में भेद कोई अज्ञानी ही कर सकता है ज्ञानी लोगो के लिए तो सब एक ही है। बस्तर से पधारे राष्ट्रीय मंचो के संचालक हृदय राम शोरी ने 'आया माचो दंतेश्वरी ' गीत के साथ बस्तर की महक को बिखेरने का सफल प्रयास किया वहीं नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व करती हुई बस्तर से समाजसेवी दिप्ती पांडेय जी ने कहा कि धार्मिक जुड़ाव के साथ साथ बच्चों की शिक्षा पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है, उन्होने आश्वासन दिया कि जिस बच्ची की पढ़ाई में पैसा बाधा बन रही है हम उनका सहयोग करेंगे। मानस प्रस्तुतिकरण में हरि दर्शन मानस परिवार बरसनटोला, श्री राम भजन मानस मंडली पेंडरवानी, मानस मंडली झेंझारी, श्री बसंत मानस मंडली घुपसाल, सत्संग के गंगा मानस परिवार रेवाडीह व प्रवचन श्री सतानंद दुबे जी द्वारा किया गया। समस्त आयोजन में सांकरदाहरा समिती, श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान विकासखण्ड डोंगरगांव व जिला इकाई राजनांदगांव के समस्त पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



# सहायक शिक्षक ओमप्रकाश साहू शिक्षा दूत सम्मान से सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )**। शासकीय प्राथमिक शाला भोथीपारकला के सहायक शिक्षक ओमप्रकाश साहू को शिक्षा में नवाचार हेतु शिक्षक दिवस पर पद्मश्री गोविंद राम निर्मलकर आडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह ने शिक्षा दूत सम्मान से सम्मानित किए।



# सरकारी स्कूलों को बंद कर शराब दुकान खोल रही भाजपा सरकार- मनराखन देवांगन

## कांग्रेस का आरोप विकास के जगह भाजपा कर रही प्रदेश का विनाश

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )**। प्रदेश में भाजपा सरकार के द्वारा एक ओर स्कूलों को बंद किया जा रहा है दूसरी ओर शराब दुकान खोली जा रही है जिसका विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने विरोध किया है। श्री देवांगन ने बताया कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा सरकार द्वारा नया-नया फरमान जारी किया जा रहा है परंतु भाजपा द्वारा जारी फरमान विकास की ओर कम और विनाश की ओर अधिक जाता दिखाई दे रहा है। जी हां हम बात कर रहे हैं शिक्षा और शराबबंदी की, प्रदेश में जब कांग्रेस की सरकार थी तब यही भाजपाई प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी की मांग कर कई प्रदर्शन किये वहीं कांग्रेस को हमेशा घेरते रहे परंतु जब प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी तब शराब बिक्री को कम करने के बजाय शराब बिक्री को बढ़ावा देने नई शराब दुकानें खोले जाने को लेकर फरमान जारी किया जा रहा है ऐसे में भाजपा की कथनी और करनी को समझा जा सकता है। श्री देवांगन ने आगे कहा कि इसी तरह प्रदेश सरकार को विकास के साथ ही बेहतर शिक्षा की ओर भी ध्यान देना आवश्यक है क्योंकि बेहतर भविष्य के लिये शिक्षित होना बहुत आवश्यक है



परंतु इस ओर भी भाजपा के द्वारा ऐसा फरमान जारी किया गया है जिससे बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता दिख रहा है वहीं इसके चलते हजारों नौकरियों का द्वार भी बंद हो चुका है। श्री देवांगन ने आगे कहा कि प्रदेश में कम दर्ज संख्या वाले सैकड़ों स्कूलों को प्रदेश सरकार के द्वारा आसपास के स्कूलों में मर्ज किये जाने का आदेश जारी किया गया है जिसके कारण बच्चों को शिक्षा अर्जित करने में परेशानी के साथ ही प्रदेश में हजारों नौकरियों का द्वार भी बंद हो चुका है। ऐसे में प्रदेश का विकास कम विनाश अधिक होगा। बता दे कि भाजपा सरकार को यदि शिक्षा व्यवस्था की इतनी ही चिंता है तो सरकारी स्कूलों को बेहतर सुविधा प्रदान करें, वहां पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिये नई तकनीक लाये जिससे प्राईवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चें सरकारी स्कूल में प्रवेश लेना चाहे परंतु शिक्षा को व्यवसाय में बदलते हुये प्रदेश में प्राईवेट स्कूलों को अधिक अहमियत दी जा रही है जिसके चलते सरकारी स्कूलां में छात्रों की दर्ज संख्या निरंतर घटती जा रही है और प्राईवेट स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ रही है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com